भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2823

जिसका उत्तर 12.08.2026 को दिया जाना है

राजमार्गों पर वे-साइड सुख सुविधाओं और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग गलियारों का विकास

2823 डॉ. सतीश पूनिया:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विश्राम क्षेत्र, फूड कोर्ट, ईंधन स्टेशनों, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं तथा सार्वजनिक सुविधाओं सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर 'वेसाइड एमिनिटीज' अर्थात् मार्ग में मिलने वाली सुख-सुविधाओं के विकास में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों के किनारे इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए चार्जिंग अवसंरचना के विकास की वर्तमान स्थिति क्या है और चालू तथा प्रस्तावित चार्जिंग स्टेशनों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार वे-साइड सुख सुविधाओं तथा इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना के विकास के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) को बढ़ावा दे रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सड़क सुरक्षा, पर्यटन, रोजगार सृजन, लॉजिस्टिक्स दक्षता और क्षेत्रीय आर्थिक विकास पर इन पहलों के अपेक्षित प्रभाव का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सरकार ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के माध्यम से देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) और एक्सप्रेसवे के किनारे अब तक 144 मार्गस्थ सुविधाओं (डब्ल्यूएस) का संचालन शुरू कर दिया है, जिनमें विश्राम क्षेत्र, फूड कोर्ट, सार्वजनिक शौचालय, ईंधन स्टेशन, चिकित्सा सहायता इत्यादि जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। देश में संचालित मार्गस्थ सुविधाओं (डब्ल्यूएस) का राज्य-वार सारांश **अनुलग्नक-क** में संलग्न है।

हालांकि, इन डब्ल्यूएसएएस में आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि स्वास्थ्य राज्य का विषय है। तथापि, राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में, एनएचएआई अपनी परियोजना राजमार्गों पर बुनियादी जीवन रक्षक (बीएलएस) एम्बुलेंस तैनात कर रहा है, ताकि दुर्घटना पीड़ितों को प्राथमिक चिकित्सा/बुनियादी स्थिरीकरण प्रदान किया और निकटतम स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केंद्र तक पहुंचाया जा सके। एनएचएआई ने ऐसी संचालित मार्गस्थ सुविधाओं पर चरणबद्ध तरीके से 34 उन्नत जीवन रक्षक (एएलएस) एम्बुलेंस की तैनाती को अनुमोदित किया है।

(ख) देश में संचालित 84 डब्ल्यूएसए में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन चालू किए गए हैं। ईवी चार्जिंग स्टेशन वाली संचालित मार्गस्थ सुविधाओं (डब्ल्यूएसए) का राज्य-वार सारांश **अनुलग्नक-ख** में संलग्न है।

(ग) सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड पर परियोजनाओं के विकास को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने निजी भूमि पर डब्ल्यूएसए विकसित करने के लिए दिसंबर, 2025 में एक नई नीति शुरू की है। इस नीति में एनएच/एक्सप्रेसवे के किनारे बड़े पैमाने पर मार्गस्थ सुविधाओं के विकास के लिए निजी भूमि और निजी क्षेत्र की भागीदारी का लाभ उठाया जाता है। निजी भूमि का मालिक नाममात्र शुल्क पर 30 वर्षों की अवधि के लिए एनएचएलएमएल को भूमि पट्टे पर दे सकते हैं, जिसमें एनएचएलएमएल के नेतृत्व वाली बोली के माध्यम से या स्वयं द्वारा डब्ल्यूएसए विकसित करने का विकल्प होता है, जिसके एवज में उन्हें एनएचएलएमएल के नेतृत्व वाली बोली के मामले में बोली-निर्धारित वार्षिक किराया मिलता है। यदि भूमि मालिक स्वयं सुविधा विकसित करना चाहता है, तो भूमि मालिक द्वारा एनएचएलएमएल को नाममात्र फ्रेंचाइजी शुल्क देय होगा।

(घ) डब्ल्यूएसए विकसित होने से, सड़क प्रयोक्ताओं के लिए राजमार्ग पर सुरक्षित प्रवेश/निकास के साथ समर्पित पार्किंग स्थान उपलब्ध करवाने से सड़क सुरक्षा में सुधार होने की उम्मीद है। डब्ल्यूएसए ने यात्री सुविधाओं में सुधार किया है, जो न केवल पर्यटन को बढ़ावा देने में, बल्कि आतिथ्य क्षेत्र में रोजगार सृजन में भी मदद करता है।

अनुलग्नक-क

'राजमार्गों पर वे-साइड सुख सुविधाओं और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग गलियारों का विकास' के संबंध में डॉ. सतीश पूनिया द्वारा पूछे गए दिनांक 12.08.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2823 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र. सं.	राज्य	साइट की संख्या
1	हरियाणा	25
2	जम्मू और कश्मीर	05
3	उत्तर प्रदेश	16
4	पंजाब	04
5	उत्तराखंड	02
6	राजस्थान	35
7	गुजरात	14
8	मध्य प्रदेश	12
9	महाराष्ट्र	02
10	आंध्र प्रदेश	07
11	तमिलनाडु	07
12	तेलंगाना	01
13	केरल	01
14	कर्नाटक	05
15	असम	03
16	पश्चिम बंगाल	04
17	झारखंड	01
कुल संचालित साइट		**144**

अनुलग्नक-ख

'राजमार्गों पर वे-साइड सुख सुविधाओं और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग गलियारों का विकास' के संबंध में डॉ. सतीश पूनिया द्वारा पूछे गए दिनांक 12.08.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2823 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन वाली मार्गस्थ सुविधाओं (डब्ल्यूएसए) का राज्य-वार सारांश निम्नलिखित है:

क्र.सं.	**राज्य**	**ईवी संचालन साइट**
1	आंध्र प्रदेश	3
2	असम	3
3	गुजरात	10
4	हरियाणा	18
5	कर्नाटक	4
6	केरल	1
7	मध्य प्रदेश	6
8	राजस्थान	21
9	तमिलनाडु	5
10	तेलंगाना	1
11	उत्तर प्रदेश	10
12	पश्चिम बंगाल	2
	कुल	**84**

*****